प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 02 सितम्बर, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज आदिवासी छात्र संघ, राँची विश्वविद्यालय समिति का एक शिष्टमंडल श्री मनोज उरांव के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 से संबंधित ज्ञापन समर्पित किया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 पर छात्र संगठनों, शिक्षक संगठनों एवं बुद्धिजीवियों ने अपना विरोध दर्ज किया है। शिष्टमंडल का कहना था कि यह विधेयक विश्वविद्यालय की स्वायत्तता, छात्र संघ चुनाव तथा राज्यपाल के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय का विश्वविद्यालय प्रशासन, प्रवेश परीक्षा तथा सत्र नियमितीकरण से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान आकृष्ट किया।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा रामगढ़ कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने एवं मुर्राम कला वन को जैव-विविधता पार्क बनाने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

साथ ही, शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय को रामगढ़ कॉलेज में आयोजित हो रहे एक दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण अधिवेशन में आमंत्रित भी किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज सिंहभूम आदिवासी समाज का एक शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अन्तर्गत वर्ष 2018 में ग्राम ब्रिंज, पश्चिमी सिंहभूम में स्थापित उद्यान महाविद्यालय का नामकरण वीर शहीद पोटो हो अथवा ओत गुरु कोल लाको बोदरा के नाम पर करने हेतु पहल करने संबंधी ज्ञापन समर्पित किया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज जन जागृति एवं कल्याण केन्द्र के श्री राहुल कुमार के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय से सूर्या हांसदा प्रकरण की सीबीआई जाँच कराने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

साथ ही, शिष्टमंडल ने राज्य की वर्तमान परिस्थितियों के संबंध में अपने विचार रखते हुए राज्य सरकार के प्रति असंतोष प्रकट करते हुए सरकार को बर्खास्त करने का आग्रह किया।